54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.5°c अधिकतम 35.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:54, सूर्यास्त - 6:45 | वर्ष : 54/ अंक : 238 | शनिवार, 29 अगस्त 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**
कोई भी महान व्यक्ति अवसरों की कमी के बारे में शिकायत नहीं करता।

प्रधानमन्त्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार पूरी मजबूती के साथ बेटियों के साथ खड़ी है : योगी



यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः......

# सूनी रह गई कलाई, हादसे के शिकार हुए दो मासूम बहन-भाई

## 1 पिता और मां के साथ रामराज से मुजफ्फरनगर आ रहे थे मृतक बहन-भाई

**जानसठ, 28 अगस्त (बु.)।** रामराज से मुजफ्फरनगर रक्षाबंधन पर मामा के यहां माता-पिता के साथ बाइक पर सवार होकर आ रहे दो मासूम भाई-बहन के लिए रक्षाबंधन का दिन जीवन का अंतिम सफर बन गया। गांव कवाल के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दंपती और उनके तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चे अपनी मां के साथ मामा को राखी बांधने जा रहे थे। रामराज क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी कुलदीप पुत्र कंवरपाल शुक्रवार की दोपहर को अपनी पत्नी राखी और तीन बच्चों आठ वर्षीय कुलबीर, चार वर्षीय अभी व तीन वर्षीय दीपिका के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी क्षेत्र के गांव अलमासपुर जा रहे थे। राखी को अपने भाई को रक्षासूत्र बांधना था। जैसे ही इनकी बाइक पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव कवाल के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में कुलदीप की बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार पांचों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिए तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने चार वर्षीय अभी और तीन वर्षीय दीपिका को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने कुलदीप, उनकी पत्नी राखी और पांच वर्षीय बेटे कुलबीर का तुरंत उपचार किया, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। रक्षाबंधन के त्योहार के दिन दो मासूम बच्चों की मौत से परिवार गम में डूब गया और गांव में शोक व्याप्त हो गया। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 2 कवाल के पास बाइक डिवाइडर से टकराई, दो बच्चों की मौत, दंपती व बेटा घायल







## दो बाइकों की भिड़न्त, युवक की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

**जानसठ, 28 अगस्त (बु.)।** पानीपत-खटीमा हाइवे पर गांव कवाल के सामने दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में चिकित्सकों एक युवक को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को दोपहर बाद गांव चितौड़ा निवासी लारेब उर्फ सालिक हुसैन (20 ) पुत्र मोहर्रम अली अपने साथी रजब अली पुत्र नियामत अली के साथ बाइक से जानसठ आ रहे थे। ये दोनों बाइक से रॉग साइड आ रहे थे। जानसठ की ओर से ककरौली क्षेत्र के गांव जटवाड़ा निवासी सचिन पुत्र कल्लू बाइक से अपनी पत्नी सीमा को लेकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही ये दोनों पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे पर गांव कवाल के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से लारेब उर्फ सालिक हुसैन और उसका साथी रजब अली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने लारेब उर्फ सालिक हुसैन को मृत घोषित किया दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल रजब अली को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



फाइल फोटो

## पारिवारिक कलह में युवक ने की आत्महत्या

**सिखेड़ा, 28 अगस्त (बु.)।** गांव जंधेड़ी में पारिवारिक कलह में युवक ने नशे की हालत में अपने ही घर के भीतर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव जंधेड़ी निवासी बंटी (32 वर्ष) पुत्र शौरज का पिछले कुछ समय से घर में विवाद चल रहा था। शुक्रवार सुबह गृहक्लेश से परेशान होकर बंटी ने नशे की स्थिति में घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शादीशुदा था और अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार में रक्षाबंधन के पर्व की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ राजू साव का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस जांच में जुटी है।

# ललाट पर दमका तिलक, कलाई पर रक्षा-सूत्र

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** ललाट पर तिलक और कलाई पर सजी स्नेह के बंधन के दमदमाते धागे। नगर समेत जिले भर में आज रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम बंधन को और प्रगाढ़ करते हुए मनाया गया। सुबह से ही घरों में रौनक थी और कई दिनों से चल रही तैयारियों के बीच आज

**▶▶ भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन उल्लास के बीच मनाया**
**▶▶ बाजारों में रही रौनक, जमकर मिठाई व राखियों की खरीदारी**

मेहमानों के आवागमन के साथ पूरा दिन रक्षाबंधन के नाम रहा। युवाओं और बच्चों में पर्व को लेकर बेहद उत्साह नजर आया। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को पूरे उत्साह और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और उनकी कलाई पर रेशम की डोर बांधकर लंबी उम्र तथा सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों









ने भी बहनों को यथोचित उपहार देकर उनकी रक्षा और सम्मान का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिला। कल से ही बहनों का रक्षाबंधन के लिए लिए पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। आज पर्व के दिन सुबह से ही इसकी गति बढ़ गई और मायके में पहुंच कर भाईयों की दीर्घायु और उनकी सुख समृद्धि की कामना करते हुए बहनों ने रक्षाबंधन पर बहनों ने पूजा की थाली सजाई। रोली, अक्षत और मिठाई के साथ भाइयों की आरती उतारी और उनकी कलाई पर राखी बांधी इसके बाद भाइयों का मुंह मीठा कराया गया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर खुशियां साझा कीं। युवाओं और बच्चों में पर्व को लेकर अधिक उत्साह नजर आया। बच्चे रुपहली राखियों पर रीते नजर आए। उनके लिए खास तौर से कार्टून करेक्टर या म्यूजिक और लाइट वाली राखियां बहनें और बुआएं लेकर आई। राखी के साथ मिठाई और उपहार पाकर छोटे बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। इससे पूर्व घरों पर पूजन के साथ द्वार पर सोण सजाए गए। घरों पर विशेष पकवान बनाए गए। खास तौर से दूध से बने जवें इस पर्व की पहचान हैं। इससे सोण और घर के मंदिरों में भोग लगाया गया। कई दिनों से बाजारों में चल रही पर्व की खरीदारी के बीच राखियों, मिठाइयों और गिफ्ट आइटम की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ रही। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की खूब खरीदारी हुई। मिठाई की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर राखी बांधने की रस्म हुई। कई स्थानों पर परिवार के लोग एकत्र हुए और साथ में त्योहार मनाया।

### रिश्तों में घुली घेवर की मिठास

रक्षाबंधन पर यूं तो मिठाई का काफी चलन है, लेकिन इस पर्व की खास मिठाई घेवर को माना जाता है। कई दिनों से पर्व के लिए घेवर तैयार करने का काम चल रहा था। बड़ी से लेकर छोटी तक तमाम दुकानों पर आज घेवर की तमाम किस्मों की मांग रही। इसमें मेवे वाले घेवर, केसर वाले घेवर के साथ सादे घेवर की जमकर बिक्री हुई। बाजार में घेवर की कीमतें भी अलग अलग थी। मावे और केसर के घेवर कुछ दुकानों पर 500 रुपए था, तो कुछ दुकानों पर आठ सौ रुपये तक साथ। सादा घेवर तीन सौ से साढ़े तीन सौ

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर





**बुलेटिन परिवार ने हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का पर्व। खूब मिला बहनों का प्यार, खूब दिये गए उपहार।**






# सीओ आवास से महज 500 मीटर दूर रिटायर्ड दरोगा के मकान में करोड़ों की चोरी, चोरों के हौसले बुलंद

**बुढ़ाना, 28 अगस्त (बु.)।** तहसील के पीछे रिटायर्ड दरोगा देशपाल के बंद मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करोड़ों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वारदात ने बुढ़ाना पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि घटना बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल के आवास से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर हुई। बताया गया है कि रिटायर्ड दरोगा देशपाल पिछले करीब दस दिनों से अपनी पत्नी के साथ शामली में अपने साले के यहां गए हुए थे। इसी दौरान देर रात करीब 11 बजे चोरों ने उनके बंद मकान को निशाना बनाया। चोरों ने मुख्य दरवाजे को हथौड़े से तोड़ा और अंदर के दरवाजे को कटर से काटकर घर में प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने इत्मीनान से पूरे मकान को खंगाला।

**करीब 60 से 70 तोले सोने के आभूषण, डायमंड का हार, करीब 5 किलो चांदी, नकदी, कीमती साड़ियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए चोर**

पीड़ित के मुताबिक, चोर करीब 60 से 70 तोले सोने के आभूषण, डायमंड का हार, करीब 5 किलो चांदी, नकदी, कीमती साड़ियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, चोर घर में रखी भगवान कृष्ण की मूर्ति तक अपने साथ ले गए। नवंबर में बेटी की शादी होनी थी, जिसके लिए घर में ज्वैलरी और अन्य सामान रखा हुआ था। चोरी के बाद परिवार में कोहराम मचा है।









### सुबह पड़ोसी विनय ने देशपाल को फोन कर मकान का दरवाजा खुला होने की सूचना दी, इसके बाद चोरी की घटना का पता चला

**बुढ़ाना।** पुलिस को घटना की सूचना होने के बाद मौके पर बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह पहुंचे बुढ़ाना प्रभारी सुभाष अत्री पुलिसबल एसओजी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट व डॉग एक्सपर्ट टीम भी घटनास्थल पर पहुंची ।
घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी पुलिस की गश्त को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रात करीब 11 बजे सीओ आवास के नजदीक इतनी बड़ी वारदात होने से लोगों का कहना है कि पुलिस की रात्रि गश्त आखिर किस तरह हो रही थी। घटना के बाद पुलिस के हाथ अभी खाली हैं और चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# रोडवेज में मुफ्त के सफर की आपाधापी रही

**▶▶ बस अड्डों के साथ रोडवेज व प्राइवेट बसों में सफर बना मुसीबत**
**▶▶ सड़कों पर वाहनों की दौड़ के चलते जाम, टोल पर लंबी कतारें**

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** रक्षाबंधन का दिन सड़कों और यात्री वाहनों के लिए भारी साबित हुआ। रोडवेज बसों, रेल गाड़ियों और प्राइवेट बसों व अन्य यात्री वाहनों में सवार होना महाभारत हो गया। भारी भीड़ के चलते त्योहार को लेकर किए तमाम इंतजाम धराशाही हो गए ओर बहनों व उनके साथ जाने वाले बच्चों व सहयात्रियों के लिए आज सार्वजनिक वाहनों में यात्रा करना किसी मुसीबत से कम नहीं था। इसके साथ ही तमाम सड़कों पर कारों व दूसरे निजी वाहनों की दौड़ के चलते अनेक स्थानों पर जाम के हालात नजर आए। जल्दी और आगे निकलने की आपाधापी का असर सड़कों पर जाम के रूप में दिखा। छपार और रोहाना टोल प्लाजा पर भी वाहनों की कतारें लगाई रहीं।
रक्षाबंधन के पर्व को लेकर शहर में रोडवेज और प्राइवेट बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग अपने परिवारों से मिलने, बहनों को राखी बांधने या घर लौटने के लिए सार्वजनिक परिवहन से यात्रा के लिए निकले तो सुबह से ही कई स्थानों पर टिकट काउंटरों और प्रवेश द्वारों पर लंबी कतारें देखी गईं। बसें और ट्रेनें खचाखच भरी हुई हैं। सबसे अधिक मारामारी रोडवेज बसों में थी। रक्षाबंधन पर सरकार ने महिलाओं को रोडवेज बसों में तीन दिन निशुल्क यात्रा की सुविधा दी है। बसों में परिचालक ने महिलाओं को जीरो मूल्य का टिकट दिया, जिससे मुफ्त यात्रा करने वाली महिलाओं की संख्या का पता चल सके। इनके हिसाब से परिवहन निगम को भुगतान होगा। रोडवेज बसों में बहनों के लिए मुफ्त में सफर का नियम 29 अगस्त की रात 12 बजे तक






शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

# गृह-क्लेश में महिला की संदिग्ध मौत, फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**बुढ़ाना, 28 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर के रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रियावली नगला में 30 वर्षीय महिला शाहीन पत्नी मुर्सलीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि महिला की मौत से पहले घर में क्लेश हुआ था। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंचे। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने के आरोप लगाए। शव को उठाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच हंगामा भी हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

मृतका का पति मुर्सलीन पिछले करीब एक महीने से हरियाणा में काम कर रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसे सूचना दी। पति मुर्सलीन ने बताया कि घटना से पिछली रात करीब 10:30 बजे उसकी पत्नी से फोन पर बात हुई थी। उसके अनुसार, बातचीत बिल्कुल ठीक-ठाक हुई थी और पत्नी ने किसी तरह की परेशानी की बात नहीं बताई थी। मुर्सलीन ने भावुक होकर कहा कि उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और एक लड़की है। पत्नी की मौत के बाद उसका परिवार पूरी तरह उजड़ गया है। उसने कहा कि उसके घर का नाश हो गया और वह खुद भी उजड़ गया है। उधर, मायके पक्ष द्वारा लगाए गए मारपीट के आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।





# जमीनी विवाद को लेकर संघर्ष, पुलिस के सामने भी चली मारपीट, तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के सिम्भालकी गांव में जमीन के एक पुराने विवाद को लेकर शुक्रवार के दिन दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। गाली-गलौज, लाठी-डंडों और मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लगातार हमला करते रहे। इस घटना के बाद पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए कानूनी कार्रवाई की और मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन नामजद और 5-6 अज्ञात लोगों की तलाश जारी है। थाना छपार के सिम्भालकी गांव में जमीन को लेकर दो गुट आपस में उलझ गए हैं। इस विवाद में एक तरफ सचिन, अनुज और सुभाष और दूसरी तरफ से रितिक, ओम कैलाश और सिताब के साथ-साथ उनके अन्य साथी भी शामिल थे। कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग गाली-गलौज करने लगे और फिर मारपीट पर उतारू हो गए। इसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें भी आई है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने स्थिति पर काबू पाने के लिए दोनों पक्षों के लोगों को काफी समझाया-बुझाया और मामले को शांत



शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत



**रोहाना, 28 अगस्त (बु.)।** नगर के मलीरा फाटक के पास गुरुवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सागर पुत्र जितेंद्र, निवासी ग्राम सादपुर, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। यह हादसा मलीरा फाटक से बढ़कली की ओर रेलवे खंभा संख्या 130/33-35 के पास हुआ। सूचना मिलने पर रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार के साथ उप निरीक्षक सही राम और कांस्टेबल बॉबी यादव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और मृतक की पहचान सुनिश्चित की। मृतक के परिजन भी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरा जा रहा है। इस घटना से मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और कानून व्यवस्था बनाए रखी।






# जेल में भाइयों को बहनों ने बांधी राखी

## – लंबे समय बाद मिले तो कई की आंखें नम – तिलक कर खिलाई मिठाई, बेहतर भविष्य का लिया संकल्प

**मुजफ्फरनगर, 28 अगस्त (बुस.)।** जिला कारागार में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के मिलन का साक्षी बना। बंदी भाइयों की कलाई सूनी न रहे, इसके लिए उनकी बहनें सुबह से ही राखी और मिठाई लेकर जेल पहुंचने लगीं। लंबे समय बाद भाइयों से मुलाकात होने पर कई बहनों की आंखें नम हो गईं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और कलाई पर राखी बांधी। इसके बाद मिठाई खिलाकर भाइयों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। मुलाकात के दौरान बहनों ने भाइयों का हालचाल पूछा और उन्हें ढांढस बंधाया। भाइयों ने भी बहनों को देखकर खुशी जताई और उनके सुखी जीवन की कामना की। राखी बांधते समय कई बहनों की भावनाएं उमड़ पड़ीं। किसी ने भाई की कलाई पर राखी बांधते हुए उसका हाथ थाम लिया, तो किसी ने मिठाई खिलाते हुए पुराने दिनों को याद किया। भाइयों ने भी बहनों से परिवार का हाल जाना। जेल की चारदीवारी के भीतर हुआ यह मिलन रिश्तों की अटूट डोर को बयां कर रहा था। राखी बांधने के बाद बहनों ने भाइयों के बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि भाई स्वस्थ रहें, जीवन में आगे बढ़ें और जल्द परिवार के साथ सामान्य जीवन बिताएं। कई बहनों ने भाइयों को जेल से बाहर निकलने के बाद जीवन को नई दिशा देने और परिवार के साथ बेहतर भविष्य बनाने की सीख दी। मुलाकात के दौरान भाइयों ने भी बहनों से वादा किया कि वे भविष्य में परिवार की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कुछ बंदियों ने परिस्थितियों से सीख लेकर गलतियों को दोबारा न दोहराने और जीवन को बेहतर बनाने की बात कही। राखी बांधने के बाद बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान कहीं खुशी तो कहीं भावुकता का माहौल दिखाई दिया। त्योहार के दिन परिवार से मुलाकात बंदियों के लिए भावनात्मक सहारा भी बनी। रक्षाबंधन को देखते हुए जिला कारागार प्रशासन की ओर से मुलाकात और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई। जेल में आने वाली बहनों की मुलाकात को व्यवस्थित तरीके से कराया गया और निर्धारित नियमों का पालन कराया गया। जेल कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में भूमिका निभाई। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का पर्व है। बंदियों के लिए परिवार और बहनों से मिलने का यह अवसर भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन की कोशिश रहती है कि त्योहारों पर बंदियों को परिजनों से सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मिलने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि परिवार से जुड़ाव और सकारात्मक रिश्ते बंदियों के जीवन में सुधार की भावना को मजबूत कर सकते हैं। ऐसे अवसर उन्हें परिवार, जिम्मेदारियों और भविष्य के बारे में सोचने का मौका भी देते हैं। आम दिनों में जिला कारागार में सख्त सुरक्षा और अनुशासन का माहौल रहता है, लेकिन रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्ते की भावनाओं ने माहौल बदल दिया। राखी के रंग और मिठाई की मिठास के बीच बहनों और भाइयों के चेहरों पर अपनापन नजर आया। किसी बहन ने भाई की सलामती की दुआ की तो किसी ने उसे परिवार की जिम्मेदारियों का एहसास कराया। जेल में बंद भाई को राखी बांधने पहुंचीं बहनों के लिए यह दिन भावनात्मक रूप से खास रहा। जेल पहुंचने से लेकर भाई की कलाई पर राखी बांधने तक उनके मन में कई तरह की भावनाएं उमड़ती रहीं। राखी बांधने के बाद उन्होंने भाइयों की सलामती की दुआ की और परिवार के लिए बेहतर भविष्य की उम्मीद जताई। रक्षाबंधन पर जिला कारागार में हुआ यह भाई-बहन का मिलन बताता है कि परिस्थितियां और जेल की दीवारें रिश्तों की भावनाओं को नहीं रोक सकतीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर प्रेम, विश्वास और अपनत्व का संदेश दिया। मुलाकात के बाद बहनें घर लौट गईं, लेकिन भाइयों की कलाई पर बंधी राखी पूरे दिन परिवार और रिश्तों की याद दिलाती रही।




# रोहाना में दो ट्यूबवेलों में चोरी

## – 15 दिन में कई वारदातें, पुलिस गश्त पर सवाल

**रोहाना, 28 अगस्त (बु.)।** चरथावल विकासखंड अंतर्गत रोहाना चौकी क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बनाया है। शुक्रवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्लरपुर-कच्छोली में दो ट्यूबवेलों से मोटर, स्टार्टर और केबल सहित हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। सुबह खेत पर पहुंचे किसानों ने ट्यूबवेलों के ताले टूटे देखे, जिसके बाद बड़ी संख्या में किसान मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 और स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण कर किसानों से जानकारी ली। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार ट्यूबवेल चोरी की घटनाएं हो रही हैं। पीड़ित किसान कृष्ण पुंडीर ने बताया कि चार दिन पहले भी कई ट्यूबवेलों पर चोरी हुई थी। ट्यूबवेलों के अलावा ग्रामीणों के घरों में भी चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं।लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि इतनी वारदातों के बावजूद अभी तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चोरी पर अंकुश लगाने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने हाल ही में रोहाना चौकी का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बावजूद चोरी की घटनाएं जारी हैं। शहर कोतवाली प्रभारी ब्रिजेश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और पुलिस टीम घटनाओं के खुलासे के लिए प्रयास कर रही है।

## रेडियो खराबी से ट्रम्प का हेलिकॉप्टर विमान के करीब पहुंचा

**वाशिंगटन, 28 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का हेलिकॉप्टर मरीन वन और एक यात्री विमान के करीब पहुंचने की वजह सामने आई है। जांच के मुताबिक रेडियो संपर्क में आई खराबी के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को हेलिकॉप्टर की उड़ान से पहले मिलने वाली जरूरी चेतावनी नहीं मिल पाई। यह घटना 4 अगस्त को हुई थी। ट्रम्प को लेकर मरीन वन व्हाइट हाउस के पास से उड़ान भर रहा था, तभी रीगन नेशनल एयरपोर्ट से एक यात्री विमान को भी टेकऑफ की मंजूरी मिल गई। हेलिकॉप्टर और विमान कुछ देर के लिए काफी करीब आ गए, लेकिन पायलटों की सतर्कता से टकराव टल गया। जांच में यह भी सामने आया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को इस रेडियो खराबी की जानकारी एक हफ्ते पहले ही हो गई थी। इसके बावजूद घटना वाले दिन राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक हुई। जांच में पता चला कि व्हाइट हाउस में चल रहे निर्माण के कारण मरीन वन के उड़ान भरने की जगह बदल दी गई थी। हेलिकॉप्टर ने द एलिप्स से उड़ान भरी थी। द एलिप्स और रीगन एयरपोर्ट के पास लगे रेडियो रिसीवर के बीच सीधा संपर्क ठीक नहीं था। इसी वजह से हेलिकॉप्टर की रेडियो कॉल कंट्रोल टावर तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाई। घटना से पहले 30 जुलाई को मरीन वन के पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की बैठक हुई थी। इसमें तीन मिनट पहले दी जाने वाली फ्लाइट वॉर्निंग के कंट्रोल टावर तक नहीं पहुंचने की बात सामने आई थी।

# पावटी में कच्ची छत गिरी, बारिश से ढही छत

## – परिवार बाल-बाल बचा; सामान क्षतिग्रस्त

**चरथावल, 28 अगस्त (बु.)।** चरथावल विकासखंड के पावटी खुर्द गांव में लगातार बारिश के कारण एक मकान की कच्ची छत ढह गई। हादसे के समय मकान में मौजूद परिवार के सदस्य समय रहते बाहर निकल गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यह मकान अब्दुल के बेटे तस्लीम और उनकी पत्नी खातून के परिवार का था। छत ढहने से घर में रखा चारपाई, साइकिल, खाना पकाने के बर्तन, राशन और अन्य घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद परिवार में अफरातफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने में मदद की। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी और आजाद समाज पार्टी के नेता मोनू त्यागी पावटी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। त्यागी ने प्रशासन से बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। पीड़ित परिवार ने भी प्रशासन से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।




# पीएम की अपील पर 97% मंत्री इंस्टाग्राम पर एक्टिव

## :शाह के 8 लाख फॉलोअर्स बढ़े; मंत्रियों ने 1 महीने में 1000 से ज्यादा पोस्ट किए

**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जुलाई 2026 को कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से इंस्टाग्राम पर ज्यादा सक्रिय होने, रील बनाने व युवाओं से संवाद करने को कहा था। इसके बाद 24 अगस्त तक 29 में से 28 यानी 97% कैबिनेट मंत्रियों की इंस्टाग्राम एक्टिविटी बढ़ी है। जदयू के राजीव रंजन सिंह को छोड़ सभी मंत्री ज्यादा सक्रिय हैं। मोदी कैबिनेट में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स गृह मंत्री शाह के बढ़े हैं। पिछले 1 महीने में उनके 8.53 लाख फॉलोअर्स बढ़े हैं। पीएम की सलाह के बाद मंत्रियों ने रील्स पर जोर दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने नीतियों व अहम मुद्दों को रील्स के जरिए समझाने पर जोर दिया। मंत्रियों ने पिछले 1 महीने में 1,179 पोस्ट किए हैं। यह पहले की तुलना में 48% ज्यादा है। नीट पेपर लीक पर जंतर-मंतर पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच पीएम मोदी ने कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया था। इन वीडियो में उन्होंने जेन-जी को पेपर लीक के मुद्दे पर संबोधित किया था। एक वीडियो में पीएम ने उन स्टूडेंट्स को माफ करने की भी बात कही थी जिन्होंने प्रदर्शन के दौरान उन्हें गाली दी थी।




## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 29 अगस्त, 2026**

**मेष**- किसी योजना की शुरूआत, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, निराशा का समापन, लाभ का सुअवसर प्राप्त, शारीरिक कष्ट में कुछ कमी, दूसरों की सलाह मान्य।

**वृषभ**- नवीन समस्याओं का समाधान, घरेलू वातावरण सुखद, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, इच्छित घटना घटित, मित्रों से सहयोग, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

**मिथुन**- योजना अधूरी, विरोधी पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, धन हानि की आशंका, स्वजनों से विवाद, नवीन समस्याएँ उपस्थित, यात्रा में परेशानी।

**कर्क**- सामयिक कार्यों के बनने से खुशी, निजी इच्छा की पूर्ति, लाभ हेतु प्रयास, नवस्थलों की यात्रा का विचार, आनन्द की अनुभूति, यश प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**सिंह**- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, साहसिक प्रयास प्रगति पर, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, भौतिक सुख के साधन में वृद्धि, यात्रा सुखद, धनागम भी।

**कन्या**- ग्रहयोग बेहतर, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, आय के नवीन स्रोत उपस्थित।

**तुला**- मानसिक तनाव, आर्थिक व्यावसायिक हानि, अध्ययन में व्यतिक्रम, अकल्पित घटनाओं को लेकर चिन्ता, यात्रा में परेशानी, जोखिम से नुकसान, सूझबूझ जरूरी।

**वृश्चिक**- दिन शुभ, विवाद का निर्णय पक्ष में, नवसम्पर्क से खुशी, साहसिक कार्य प्रगति पर, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ-विचारों से आत्मिक शांति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति।

**धनु**- कठिनाइयों का निवारण, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्वजनों के माध्यम से किसी विवाद का समापन, बौद्धिक क्षमता का विकास, संत समागम।

**मकर**- दिनचर्या व्यवस्थित, आत्मबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।

**कुम्भ**- सोचे हुए कार्य अधूरे, जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिन्ता, एकाग्रता का अभाव, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, पारिवारिक मतभेद उजागर, अकेलेपन की अनुभूति।

**मीन**- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, मित्रों से गलतफहमियां दूर होने को, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क, पठन-पाठन में रुचि, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि।

# मलिकपुरा में मनाई गई सचिन व गौरव की 13वीं पुण्यतिथि

**जानसठ, 28 अगस्त (बु.)।** कवाल गांव के मजरा मलिकपुरा में ममेरे और फुफेरे भाइयों सचिन व गौरव के स्मारक पर शुक्रवार को उनकी 13वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि सचिन और गौरव की शहादत को यह क्षेत्र और समाज कभी नहीं भूल सकता। मलिकपुरा में शुक्रवार की सुबह मृतक सचिन व गौरव के स्मारक पर देवपाल शास्त्री के द्वारा हवन-यज्ञ कराया गया। इसमें उपस्थित सभी राजनेताओं, गणमान्य नागरिकों और पीड़ित परिवारों ने आहुति देकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की। राज्यमंत्री व अन्य नेताओं ने इन 12 अन्य मृतकों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने कहा कि भाजपा हमेशा सचिन, गौरव तथा अन्य सभी पीड़ित 12 परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। संकट के हर समय में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, मीरापुर विधायक मिथिलेश पाल की पुत्री सुप्रिया पाल और यशवीर महाराज ने भी विचार रखते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में जानसठ ब्लाक प्रमुख नरेंद्र चौधरी, जिला कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, जानसठ के पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, पूर्व चेयरमैन प्रविंद्र भड़ाना, गौरव स्वरूप, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, अनिल राठी, संचित प्रधान, सत्यम गुर्जर सहित गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन शुभम ने किया। उन्होंने स्मारक के निर्माण में सहयोग करने वालों का भी आभार व्यक्त किया। पुण्यतिथि को लेकर गांव कवाल और मलिकपुरा में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर सीओ ऋषिका सिंह भी मौजूद रही।




# पाकिस्तान में 200 साल पुराना गुरुद्वारा गिराया:शॉपिंग मॉल बनाया जा रहा, सिखों की विरासत खत्म की जा रही

**जालंधर, 28 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में करीब 200 साल पुराने ऐतिहासिक श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा को गिरा दिया गया। अब इस जगह पर एक मॉल का निर्माण किया जा रहा है। बलूचिस्तान गुरुद्वारा सिंह सभा के सदस्य सरदार जसबीर सिंह के अनुसार, पूरा सिख समाज इसका विरोध कर रहा है, लेकिन अभी तक सरकार कोई एक्शन नहीं ले रही। उन्होंने बताया कि बलूचिस्तान में कभी 12 गुरुद्वारे थे, जिनमें से अब सिर्फ 2 बचे हैं। गुरुद्वारे को गिराए जाने पर भारत में भी कड़ा विरोध हो रहा है। भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने कहा कि ये पाकिस्तान में सिखों की विरासत खत्म करने की कोशिश है। अकाल तख्त साहिब को पाकिस्तान सरकार के सामने मामला उठाना चाहिए और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। क्वेटा के आर्चर रोड स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा परिसर में बाद में सेंट गैब्रिएल स्कूल संचालित हो रहा था। सिख समुदाय के नेता सरदार जसबीर सिंह के मुताबिक, अब उसी गुरुद्वारे को ढहाकर यहां शॉपिंग प्लाजा का निर्माण कराया जा रहा है। मामला बलूचिस्तान हाई कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल निर्माण रोकने से इनकार कर दिया है। सिख समुदाय के मुताबिक, यह जमीन श्री गुरु सिंह सभा से जुड़ी संपत्ति थी। आरोप है कि इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने इसे एक निजी बिल्डर को बेच दिया। अब सवाल उठ रहा है कि ईटीबीपी को इस धार्मिक संपत्ति को बेचने का अधिकार किस आधार पर मिला और जमीन की बिक्री की प्रक्रिया क्या थी? इस पर पाकिस्तान सरकार या ईटीबीपी की ओर से आधिकारिक जवाब सामने आना बाकी है। भाजपा नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने गुरुद्वारा साहिब की जमीन पर हो रहे मॉल के निर्माण को तत्काल रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा परिसर का पुनर्निर्माण और संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही बलूचिस्तान ही नहीं, पूरे पाकिस्तान में बचे सिख धार्मिक स्थलों और उनकी संपत्तियों की सुरक्षा की मांग की। आरपी सिंह ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को गिराए जाने की निंदा करते हुए इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल को हटाकर वहां व्यावसायिक निर्माण किया जाना गंभीर मामला है। उन्होंने गुरुद्वारा विध्वंस की पूरी और स्वतंत्र जांच कराने की भी मांग उठाई। आरपी सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिख धार्मिक विरासत से जुड़े मामलों पर स्पष्ट और कड़ा रुख सामने आना चाहिए। उनका कहना है कि ऐतिहासिक गुरुद्वारों के संरक्षण को लेकर गंभीरता से आवाज उठाने की जरूरत है। आरपी सिंह ने कहा कि मामला सिर्फ एक इमारत या जमीन तक सीमित नहीं है। गुरुद्वारे सिख इतिहास, धार्मिक परंपरा और गुरु साहिबान से जुड़ी स्मृतियों के केंद्र हैं। उन्होंने निशान साहिब और सिख धार्मिक विरासत से जुड़े स्थलों को संरक्षित करने की मांग करते हुए पाकिस्तान सरकार से इस मामले में जवाबदेही तय करने की अपील की।



# राखी पर रामदेव ने कंगना को मिठाइयां-रुपए भेजे:कहा- विवाद खत्म करें

## एक्ट्रेस बोलीं- त्योहार पर भूल-चूक माफ, ईश्वर आपको लंबी आयु दे

**हरिद्वार, 28 अगस्त (एजेंसी)।** रक्षाबंधन पर योग गुरु बाबा रामदेव ने अभिनेत्री और सांसद कंगना रनोट के लिए मिठाई और उपहार भेजा। उन्होंने एक लिफाफे में 500 रुपए के नोटों की गड्डी भी भेजी। इस दौरान रामदेव ने कहा कि रिश्तों में मिठास बनी रहनी चाहिए और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। रामदेव ने कहा कि देश में किसी भी कारण से नफरत और एक-दूसरे के प्रति वैर भाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों उनके और कंगना रनोट के बीच विवाद की चर्चा हुई थी, जिसे संवाद के जरिए खत्म किया जाना चाहिए। मैं कंगना को फोन कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दूंगा। इसके बाद कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रामदेव का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- त्योहार का दिन होता है सब भूल-चूक माफ करने के लिए। मेरे भाई बाबा रामदेव जी ने बहुत अच्छी बात कही कि विवाद नहीं, संवाद होना चाहिए। आज रक्षाबंधन के दिन मैं उनकी मिठाई और बड़े भाई का प्रेम, दोनों स्वीकार करती हूं। बहुत धन्यवाद। ईश्वर आपको लंबी आयु दे। कंगना रनोट ने जेन-जी प्रोटेस्टर्स को गटरछाप कहा था। इस पर टीवी 9 भारतवर्ष के साथ बातचीत में बाबा रामदेव ने कहा था, 'उनकी क्वालिफिकेशन क्या है? उनका बचपन कैसा रहा है? उनकी जवानी कैसी रही है? उनके पहले के कारनामे कैसे रहे हैं? मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता। ऐसे किसी भी देश के युवा को, जेन को गटर-पटर बोलना, ये बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। गलत बात है। इसके ऊपर जो है, उनके पार्टी के लोगों को संज्ञान लेना चाहिए।" रामदेव की इस टिप्पणी के बाद कंगना ने भी पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि बाबा रामदेव को उनकी जवानी और बेडरूम के बारे में डे-ड्रीम नहीं करना चाहिए।





# बांके बिहारी को मिली 30 हजार चिट्ठियां और राखियां

## सबने ठाकुर जी से मांगी मनोकामना, दुखड़ा रोया

**मथुरा, 28 अगस्त (एजेंसी)।** बिहारी जी, मुझे सुहागिन ही अपने चरणों में बुलाना। जब भी मैं यह दुनिया छोड़कर आपके पास आऊं, सुहागिन आऊं। मेरे बच्चों की शादी और उनके बच्चों का मुंह देखकर ही अपने चरणों में बुलाना। प्रभु, उत्तम नगर में जो जगह ली थी, उसे बिकवा दो। बहुत परेशानी हो रही। हौज खास में बढ़िया-सा घर दिलवा देना। अब मानव की शादी का समय है। उसके लिए ऐसी लड़की दिलवाना, जो आपको मानने वाली, परिवार से प्यार करने वाली और हंसमुख हो। मथुरा में कान्हा के लिए यह भावुक चिट्ठी रजनी सेठी ने भेजी है। रक्षाबंधन से पहले बांके बिहारी के नाम आई यह चिट्ठी सिर्फ एक बानगी है। मंदिर में अब तक 30 हजार से ज्यादा चिट्ठियां और राखियां पहुंच चुकी हैं। बहनों ने राखी के साथ चिट्ठी, अक्षत-कुमकुम, चॉकलेट और दक्षिणा भी भेजी है। इन राखियों को मंदिर के सेवायत भगवान बांके बिहारी की कलाई पर बांधते हैं। साथ आए पत्रों को पढ़कर सुनाते भी हैं।


## सहारनपुर में अग्निवीर भर्ती रैली:मुजफ्फरनगर के 1030 युवा दौड़ में शामिल हुए, 810 पास

**सहारनपुर, 28 अगस्त (एजेंसी)।** सहारनपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली में शुक्रवार को मुजफ्फरनगर जिले की बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर और खतौली तहसील के युवाओं ने दमखम दिखाया। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ के कार्यक्रम के अनुसार 1,150 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इनमें 1,030 अभ्यर्थी भर्ती स्थल पर पहुंचे। भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहले अभ्यर्थियों की दौड़ कराई गई। इसमें 810 युवा सफल रहे। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों का आगे का शारीरिक परीक्षण कराया जा रहा है। इसके बाद शारीरिक माप, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल की प्रक्रिया होगी। भर्ती रैली में केवल ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास अभ्यर्थियों को ही शामिल किया जा रहा है। 29 अगस्त को मुजफ्फरनगर और शामली के युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। 2 सितंबर से अग्निवीर ट्रेड्समैन और टेक्निकल श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। सेना की ओर से अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे दलालों के झांसे में न आएं। भर्ती के नाम पर किसी व्यक्ति को पैसे न दें।

# दावा-भारतीय पब्लिशर ने सोनिया की किताब छापने से मना किया

## – पेंगुइन इंडिया ड्राफ्ट में बदलाव कराना चाहता था, लेखक राजी नहीं हुए

**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की संस्मरण किताब बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव को लेकर विवाद की खबरों के बीच पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सफाई दी है। पेंगुइन ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत में इस किताब को पब्लिश नहीं करेगी। यह कहना सही नहीं है कि लेखक के संपादकीय बदलावों से इनकार करने के बाद उसने किताब प्रकाशित करने से हाथ खींच लिया है। इससे पहले द इंडियन एक्सप्रेस ने रिपोर्ट दी थी कि पेंगुइन ने एक हिस्से में कुछ एडिटोरियल बदलाव और हिस्से हटाने की मांग की थी, लेकिन लेखकों ने इस मांग को ठुकरा दिया था। किताब को पहले 10 नवंबर को प्रकाशित किया जाना था। इसमें सोनिया अपने राजनीतिक सफर और 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के फैसले से जुड़े अनुभव साझा करेंगी। विवाद के बाद पेंगुइन ने शुक्रवार को बयान जारी किया। इसमें कहा, वह बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव की प्रकाशक नहीं है। यह कहना सही नहीं है कि लेखक ने संपादकीय बदलावों से इनकार करने के कारण पेंगुइन ने प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया। लेखक के साथ हुई संबंधित चर्चाओं के दौरान पेंगुइन की स्थिति यही थी कि हम किताब को प्रकाशित करने के लिए इच्छुक और तैयार थे। सुझाव देना प्रक्रिया का हिस्सा है। लेखिका के साथ गोपनीय चर्चाओं पर हम आगे कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। पहले किताब के अमेरिकी पब्लिशर नॉफ ने कहा था कि किताब की पहली प्रिंट रन 1 लाख प्रतियों की होगी। द इंडियन एक्सप्रेस ने नॉफ और सोनिया गांधी के एजेंट डेविड गॉडविन से सवाल भेजकर प्रतिक्रिया मांगी, लेकिन दोनों ने टिप्पणी नहीं दी। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के सीईओ गौरव श्रीनागेश से सोनिया गांधी की पांडुलिपि में मांगे गए बदलाव और हिस्से हटाने के बारे में पूछा गया था। वे भी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। सोनिया गांधी इससे पहले दूसरी किताबें लिख और एडिट कर चुकी हैं। हालांकि, इस किताब पर काम कर चुके लोगों के मुताबिक, यह उनकी जिंदगी का सबसे निजी और सबसे विस्तृत लेखा-जोखा है। नॉफ की रिलीज में सोनिया गांधी का बयान भी छपा था।




## ब्रिज की सेफ्टी वॉल से टकराई बस, 4 की मौत

**ब्यावरा, राजगढ़, 28 अगस्त (एजेंसी)।** तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो गई। ब्रिज कर्व होने के कारण बस ब्रिज की सेफ्टी वॉल से टकरा गई। राजगढ़ के ब्यावरा में शुक्रवार सुबह करीब 8.30 बजे तेज रफ्तार बस भोपाल बायपास ब्रिज की सेफ्टी वॉल से टकरा गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हुए हैं। मृतकों में कर्नाटक के साइबर इंस्पेक्टर समेत बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, बस कानपुर से इंदौर जा रही थी। ब्रिज के कर्व पर बस अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। टक्कर का सबसे ज्यादा असर बस के ऊपर वाले स्लीपर हिस्से में हुआ। खिड़कियां टूटने से वहां बैठे कुछ यात्री ब्रिज के नीचे जा गिरे। कुछ यात्री ब्रिज पर ही गिर गए। हादसे के बाद सड़क पर शव पड़े थे। मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

